हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 27 अप्रैल 2026

04 1363 युवाओं ने दी एमपीपीएससी की परीक्षा...



07 राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा परीक्षा तीन केन्द्रों पर...





## नगर के इवेंट

### राघौगढ़ से डॉ. साहिब सलीम अली हज यात्रा के लिए रवाना, भावुक माहौल में दी गई विदाई

राघौगढ़। नगर के डॉ. साहिब सलीम अली अपनी माता जी के साथ पवित्र हज यात्रा के लिए मक्का-मदीना रवाना हुए। इस अवसर पर परिवारजनों और समाज के लोगों ने उनका गर्मजोशी से इस्तकबाल करते हुए सम्मानपूर्वक विदाई दी। बड़ी संख्या में लोग उन्हें भोपाल तक छोड़ने के लिए साथ गए, जहां का माहौल भावुक और दुआओं से सराबोर रहा।हज यात्रा मुस्लिम समाज की सबसे महत्वपूर्ण और मुकद्दस यात्रा मानी जाती है। कम उम्र में डॉ. साहिब सलीम अली को यह अवसर मिलना पूरे नगर के लिए गर्व का विषय है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले वे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के साथ नर्मदा परिक्रमा भी कर चुके हैं।राघौगढ़ नगर में इस अवसर पर खुशी और गर्व का माहौल देखने को मिला। लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनकी हज यात्रा की सफलता और कुबूलियत के लिए दिल से दुआएं कीं।



### आमने-सामने बाइक भिड़ंत में युवक की मौत

चाचौड़ा। क्षेत्र के नवलपुरा जोड़ के पास हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 35 वर्षीय सतीश शर्मा की मौत हो गई। दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में सतीश गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम कोलुआ निवासी एवं वर्तमान में बीनागंज में रह रहे सतीश शर्मा पुत्र रमेश शर्मा बुधवार की शाम को बाइक से जा रहे थे, तभी नवलपुरा जोड़ पर सामने से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल से उनकी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी न कि वे गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने न तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी जान नहीं बच सकी। मृतक अपने परिवार के इकलौते कमाने वाले क सदस्य थे और उनके तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। उनकी असमय मृत्यु से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। घटना के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को न सौंप दिया है तथा मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



### शातिर ठग को दबोचने पर पुलिस का सम्मान

चाचौड़ा। शातिर ठग राजू उर्फ दीपक को गिरफ्तार कर क्षेत्र में भयमुक्त वातावरण बनाने वाली पुलिस टीम का ब्राह्मण समाज द्वारा भव्य सम्मान किया गया। गौरतलब है कि आरोपी सम्मोहन और फर्जी निमंत्रण कार्ड के बहाने महिलाओं को ठगता था, जिसे पुलिस ने स्कूटी पर लगी लाल रेडियम पट्टी के सुराग से अशोकनगर से दबोचा है। पुलिस की इस उल्लेखनीय सफलता से उत्साहित होकर ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मंडल ने बीनागंज पुलिस चौकी पहुंचकर अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। समाज के कालूराम शर्मा और अमित शर्मा के नेतृत्व में एसडीओपी मनोज कुमार झा, चांचौड़ा थाना प्रभारी नीरज राणा और बीनागंज चौकी प्रभारी अजय प्रताप सिंह सहित उपनिरीक्षक बृजेश देवरिया, आरक्षक शुभम शर्मा, अजय समाधिया, गिर्राज भार्गव सहित समस्त स्टाफ का पुष्पहार पहनाकर सम्मान किया गया। इस मौके पर समाजसेवी ओमवली शर्मा, कृष्णमुरारी कल्लू शर्मा, अमित शर्मा, सतीश व्यास लाखोरी, अमित शर्मा, पंकज जैन आदि ने स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने जिस सूझबूझ से करीब 100 सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपी को पकड़ा, वह सराहनीय है। इस दौरान पुलिस टीम ने समाज का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी तत्परता से सेवा करने का संकल्प दोहराया।



### भील समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में अर्चना बल्लू चौहान हुईं शामिल

चाचौड़ा। चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बहादुरपुर-मोहम्मदपुर, तहसील मकसूदनगढ़ में भील समाज द्वारा भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में कुल 50 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ, जिसमें समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गुना अर्चना बल्लू चौहान (काला पहाड़) शामिल हुईं। उन्होंने सम्मेलन में समाज के प्रति अपनी सहभागिता जताते हुए समिति को 31,000 की भेंट राशि प्रदान की।सम्मेलन स्थल पर पहुंचने पर समिति के सदस्यों द्वारा श्रीमती चौहान का पारंपरिक तरीके से साफा बांधकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान वातावरण उत्साह और हर्षोल्लास से भरा रहा।अपने संबोधन में अर्चना बल्लू चौहान ने कहा कि इस प्रकार के सामूहिक विवाह सम्मेलन समाज को एकजुट करने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से अनावश्यक खर्चों में कमी आती है और समाज में समानता की भावना मजबूत होती है।उन्होंने आगे कहा कि छोटे-बड़े का भेद समाप्त करने में भी इस प्रकार के आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही उन्होंने सम्मेलन में आमंत्रित किए जाने पर भील समाज के प्रति आभार व्यक्त किया।सम्मेलन में उपस्थित समाजजनों ने भी इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दिया और नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम का समापन सामूहिक आशीर्वाद एवं मंगलकामनाओं के साथ हुआ।



### विन्ध्यांचल कॉलोनी में सूने घर से जेवर चोरी का खुलासा, देवर-भाभी गिरफ्तार

गुना। विन्ध्यांचल कॉलोनी में सूने मकान से जेवर चोरी के मामले का गुना कोतवाली पुलिस ने महज 48 घंटे में खुलासा करते हुए देवर-भाभी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी हुए सभी जेवर बरामद कर लिए हैं।घटना में फरियादिया सीमा महेश्वरी के घर से मंगलसूत्र, अंगूठियां और कान की बाली सहित करीब 5 लाख रुपये के जेवर चोरी हुए थे। जांच के दौरान पुलिस को किरायेदार महिला बंटी बाई पर संदेह हुआ, जिसने पूछताछ में अपने देवर शुभम चंदेल के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# गुना पुलिस की बड़ी कार्रवाईः पान मसाला चोरी का 24 घंटे में खुलासा, 5 आरोपी गिरफ्तार, 25 लाख का माल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कैंट थाना क्षेत्र के कुसमोदा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित पान मसाला गोदाम से हुई लगभग 8 लाख रुपये की चोरी का गुना पुलिस ने महज 24 घंटे में सफल खुलासा करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब 25 लाख रुपये का माल और चोरी में प्रयुक्त वाहन बरामद किए हैं।घटना का विवरण17-18 अप्रैल 2026 की दरम्यानी रात अज्ञात आरोपियों द्वारा गोदाम से पहेली और विमल पान मसाला की कुल 27 बोरियां चोरी कर ली गई थीं। फरियादी अनुराग जैन की रिपोर्ट पर 22 अप्रैल को कैंट थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।पुलिस की त्वरित कार्रवाईएसपी श हितिका वासल के निर्देशन, एएसपी मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस ने घटनास्थल एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तथा मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। जांच के दौरान एक इको कार और बोलेरो पिकअप वाहन की पहचान की गई, जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंची।पुलिस ने 23 अप्रैल को कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें उपेंद्र उर्फ भूपेंद्र रजक, नरेश अहिरवार, आर्यमन उर्फ काले खां, बलराम पारदी और राणा पारदी शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने अपने साथी पवन रजक के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर लगभग 21 कट्टों में भरा पान मसाला पाउच तथा दोनों वाहन बरामद कर कुल करीब 25 लाख रुपये का मशरूका जप्त किया। मामले का मुख्य सूत्रधार पवन रजक वर्तमान में जिला जेल में निरुद्ध है। उसके विरुद्ध पूर्व में फिरौती के लिए अपहरण तथा हत्या के प्रयास जैसे गंभीर प्रकरण दर्ज हैं। हाल ही में उसे हत्या के प्रयास के मामले में 5 वर्ष की सजा भी सुनाई गई है। अन्य वारदातों का खुलासा संभवपुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपियों से अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है, जिससे आगे और खुलासे होने की संभावना है। इस सफल कार्रवाई में कैंट थाना पुलिस, साइबर सेल एवं सीसीटीवी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गुना पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से संगठित अपराध पर बड़ा प्रहार हुआ है।



### नदी के प्राकृतिक प्रवाह में बाधक अतिक्रमणों को वर्षा ऋतु से पहले हटाने के निर्देश

# 30 अप्रैल को पेश होगी गुनिया नदी परियोजना की डीपीआर





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

स्वच्छता एवं कायाकल्प अभियान के अंतर्गत गुनिया नदी पुनर्जीवन अभियान का तीसरा चरण सफलतापूर्वक पूर्ण हो गया। रविवार सुबह कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल स्वयं मैदान में उतरे और जिला प्रशासन की टीम के साथ बड़ा पुल से लगभग डेढ़ किलोमीटर तक पैदल निरीक्षण कर जमीनी स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर कचरे के ढेर पाए गए, जिन्हें प्रशासन ने गंभीर चिंता का विषय माना। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नालों और नदी में कचरा डालना किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसे केवल स्वच्छता का नहीं, बल्कि पर्यावरण और जनस्वास्थ्य का भी गंभीर मुद्दा बताया गया।

#### अतिक्रमण पर बरती जाएगी सख्ती

निरीक्षण के दौरान नदी किनारे कुछ स्थानों पर सीमित स्तर के अतिक्रमण चिन्हित किए गए।

कलेक्टर ने वर्षा ऋतु से पहले इन अतिक्रमणों को हटाने के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए, ताकि नदी का प्राकृतिक प्रवाह बाधित न हो और उसका मूल स्वरूप सुरक्षित रखा जा सके।

#### गंदगी फैलाने वालों पर होगी वैधानिक कार्रवाई

प्रशासन ने साफ चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति नदी, नाले या सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकते हुए पाया गया, तो उसके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन अब इस मामले में पूरी सख्ती के साथ कार्यवाही करेगा।

#### फोटो-वीडियो भेजने वालों को मिलेगा प्रोत्साहन

जागरूक नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रशासन ने नई पहल की है। यदि कोई व्यक्ति कचरा फैलाते या अवैध डंपिंग करते हुए दिखाई देता है, तो आमजन उसका फोटो या वीडियो बनाकर प्रशासन को भेज सकते हैं। ऐसे जिम्मेदार नागरिकों को प्रोत्साहित भी किया जाएगा, ताकि अभियान जनसहभागिता के साथ मजबूत हो सके।

#### विकास परियोजना के रूप में आगे बढ़ाने की तैयारी

आगामी कार्ययोजना के तहत 30 अप्रैल को गुनिया नदी परियोजना की डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) विभिन्न हितधारकों के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। इस रिपोर्ट के माध्यम से नदी संरक्षण को दीर्घकालीन और व्यापक विकास परियोजना के रूप में आगे बढ़ाने की तैयारी की जा रही है।

#### अगले रविवार से शुरू होगा चौथा चरण

प्रशासन ने बताया कि अगले रविवार से अभियान के चौथे चरण की शुरुआत प्रस्तावित है। इसमें स्वच्छता, अतिक्रमण हटाने, जनजागरूकता और नदी संरक्षण के स्थायी उपायों पर और अधिक प्रभावी कार्यवाही की जाएगी।

#### स्थानीय रहवासियों ने बढ़ाया सहयोग का हाथ

अभियान के दौरान कुछ स्थानीय रहवासियों ने स्वयं आगे आकर नदी किनारे सफाई बनाए रखने और कचरा हटाने में सहयोग देने की सहमति दी। प्रशासन ने इसे सकारात्मक संकेत बताते हुए कहा कि जनसहयोग से ही इस अभियान को स्थायी सफलता मिल सकती है।

#### कलेक्टर की अपील शहर हमारा जिम्मेदारी भी हमारी

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कहा कि इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत स्थानीय नागरिकों की बढ़ती भागीदारी है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि आपका शहर, आपकी जिम्मेदारी केवल नारा नहीं, बल्कि सामूहिक संकल्प बनना चाहिए। स्वच्छता बनाए रखें, कचरा इधर-उधर न फेंकें और जल संरक्षण को अपनी प्राथमिक जिम्मेदारी समझें।

## कैंची बीड़ी कारखाने के पास धमाके के साथ भड़की डीपी में आग

**दहशत में रिहायशी इलाका, घर की खिड़कियों तक पहुँची लपटें, घंटों गुल रही बिजली**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



रविवार सुबह अशोकनगर रोड पर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब कैंची बीड़ी कारखाने के पास एक डीपी में भीषण आग लग गई। तेज धमाके के साथ उठी आग की लपटों ने न केवल पूरी डीपी को अपनी चपेट में लिया, बल्कि लपटें पीछे बने मकान की खिड़कियों तक पहुँच गईं। समय रहते फायर ब्रिगेड के पहुँचने से एक बड़ा हादसा टल गया।

#### धमाके के साथ भड़की लपटें, मकान तक पहुँची

रविवार सुबह करीब 9 बजे अशोकनगर रोड पर अचानक एक जोरदार धमाका हुआ और डीपी से आग की ऊंची लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग इतनी विकराल हो गई कि डीपी के ठीक पीछे स्थित मकान की खिड़कियां भी इसकी जद में आ गईं।

आग की तपिश और धुएं को देखकर आसपास के रहवासियों में दहशत फैल गई। गनीमत यह रही कि नगर पालिका की फायर ब्रिगेड सूचना मिलते ही मौके पर पहुँच गई और आग पर काबू पा लिया। यदि थोड़ी भी देरी होती, तो आसपास के आधा दर्जन मकान इस आग की चपेट में आ सकते थे।

#### लोड बढ़ने से हो रही घटनाएं

तेज गर्मी के कारण इन दिनों घरों और दफ्तरों में एसी, कूलर और पंखों का इस्तेमाल चरम पर है। बिजली उपकरणों के इस भारी लोड को शहर की पुरानी डीपियां झेल नहीं पा रही हैं।

आए दिन शॉर्ट सर्किट और धमाकों के साथ आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। रविवार को हुई इस घटना के बाद बिजली कंपनी के कर्मचारी देर तक डीपी को दुरुस्त करने और आपूर्ति बहाल करने में जुटे रहे।

### 5 परीक्षा केंद्रों पर राज्य एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा आयोजित

# मेटल डिटेक्टर से जांचकर परीक्षार्थियों को कक्ष में प्रवेश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



जिला मुख्यालय पर बनाए गए 5 परीक्षा केंद्रों पर राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की गई। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर द्वारा आयोजित यह परीक्षा दो सत्रों में ओएमआर पद्धति से आयोजित हुई। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे तक चली, जबकि दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2:15 से प्रारंभ हुई जो शाम 4:15 बजे तक चली। आयोग द्वारा ग्वालियर संभाग के लिए शेखर वर्मा, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है, उनकी देखरेख में परीक्षा चल रही है। कलेक्टर-एसपी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी परीक्षा पर नजर बनाए रहे। शनिवार को कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, पेयजल, निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की सुनिश्चित व्यवस्था के निर्देश दिए थे। शहर में पीएससी की प्रारंभिक परीक्षाके लिए बनाए गए केन्द्रों पर सुबह से ही परीक्षार्थियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। इस दौरान केन्द्रों पर लंबी लंबी कतारों में लगकर गहन जांच पड़ताल के बाद परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष के अंदर प्रवेश मिल सका। सुरक्षा के मद्देनजर केन्द्रों पर तीन लेयर सुरक्षा के प्रबंध किए गए थे। पहली लेयर में परीक्षार्थी अपने साथ लाए बैग व अन्य सामानों को रोल नंबर लिखकर जमा कराया गया। वहीं दूसरी लेयर में बायोमेट्रिक सत्यापन हुआ, जबकि तीसरी लेयर में मेटल डिटेक्टर से जांच कर परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने दिया गया। परीक्षा प्रारंभ होने के 90 मिनिट पूर्व परीक्षार्थियों को केन्द्र परबुलाया गया था। जिला मुख्यालय पर आयोजितपीएससी को प्रारंभिक परीक्षा के लिएबनाए 5 परीक्षा केंद्रों पर 2170 परीक्षार्थी शामिल होने थे। हालांकि केन्द्रों पर कई परीक्षार्थी अनुपस्थित भी पाए गए। पीजी कॉलेज , उत्कृष्ट विद्यालय,गांधी वोकेशनल कालेज, एमएलबी और माडल हायर सेकेंडरी स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया।

### शहर में दिनदहाड़े कार का कांच तोड़कर जेवर चोरी, एमपीपीएससी की परीक्षा देने आई महिला के साथ की वारदात

गुना । शहर में दिनदहाड़े कार का कांच तोड़कर जेवर चोरी करने की घटना सामने आई है। सिटी कोतवाली क्षेत्र में हुई इस वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ित ने थाने में शिकायत देकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के अनुसार आरोन तहसील के हुसैनपुर निवासी सत्येन्द्र धाकड़ अपनी पत्नी रश्मि धाकड़ को परीक्षा दिलाने गुना आए थे। उनकी पत्नी का एमपीपीएससी का पेपर शहर के एक स्कूल में था। सोने-चांदी के आभूषण पर्स में रख दिए थेपरीक्षा केंद्र पर पहुंचने से पहले रश्मि ने अपने पास रखे सोने-चांदी के आभूषण पर्स में रख दिए थे और वह पर्स कार के अंदर ही छोड़ दिया गया। इसके बाद सत्येन्द्र ने कार को बाबू पार्क के पास खड़ा कर दिया और पत्नी को परीक्षा केंद्र छोड़ने चले गए।वापस लौटे तो देखा कि कार की साइड का कांच टूटा हुआ हैकुछ देर बाद जब वे वापस लौटे तो देखा कि कार की साइड का कांच टूटा हुआ है और अंदर रखा पर्स गायब है। पर्स में सोने की कान बाली, पुतली, नाक की नथ, चांदी की पायल और बिछिया सहित अन्य जेवर रखे हुए थे, जिन्हें अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया।कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराईपीड़ित ने तुरंत सिटी कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर आरोपियों का पता लगाने की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आसपास के कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### डॉ. केपी यादव की नियुक्ति पर जाकिर बाबड़ी ने जताई खुशी, बताया संगठन के लिए गर्व का क्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष जाकिर बाबड़ी ने गुना के पूर्व सांसद डॉ. केपी यादव को मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन का अध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त किया है। डा. केपी यादव के काफी करीबी माने जाने वाले जाकिर बाबड़ी ने अपने संदेश में कहा कि डॉ. केपी यादव एक जमीनी, कर्मठ और जनसेवा के प्रति समर्पित नेता हैं। उन्होंने कहा कि उनकी यह नियुक्ति न केवल गुना क्षेत्र, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास जताया कि डॉ. यादव अपने नए दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करेंगे तथा आम जनता को इसका लाभ मिलेगा।जाकिर बाबडी ने आगे कहा कि पार्टी नेतृत्व ने एक योग्य और अनुभवी व्यक्ति को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, जिससे संगठन और अधिक मजबूत होगा। अंत में उन्होंने डॉ. केपी यादव को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।







# 1363 युवाओं ने दी एमपीपीएससी की परीक्षा मेटल डिटेक्टर से हुई अभ्यर्थियों की चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

अधिकारी बनने की चाहत में अर्से से मेहनत कर रहे जिले के अभ्यर्थियों ने रविवार को मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) द्वारा आयोजित प्री-लिम्स परीक्षा में भाग्य आजमाया। इस परीक्षा के लिए मुख्यालय एवं ब्यावरा सहित पांच केंद्र बनाए गए थे। दो पालियों में संपन्न हुई परीक्षा के लिए कुल 1734 अभ्यर्थी पंजीकृत थे जिनमें से पहली पाली में 361 एवं दूसरी पाली में 371 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस तरह कुल 1363 अभ्यर्थियों ने यह परीक्षा दी। परीक्षा की नोडल डिप्टी कलेक्टर ज्योति राजौरे ने बताया कि परीक्षा के लिए राजगढ़ में कन्या शाला, उत्कृष्ट विद्यालय, पॉलिटेक्निक महाविद्यालय एवं स्नातकोत्तर महाविद्यालय व ब्यावरा में कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल इस तरह पांच केंद्र बनाए गए थे। आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तमाम सुरक्षा इंतजामों के बीच सुबह 10 बजे से 12 बजे एवं दोपहर 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक परीक्षा आयोजित की गई।

### कड़ी सुरक्षा के बीच केंद्र में दिया गया प्रवेश

सभी परीक्षा केंद्रों पर व्यापक स्तर पर सुरक्षा के इंतजामात किए गए थे। केंद्र के अंदर किसी भी तरह का डिजिटल उपकरण, जूते-मोजे, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर, हेडफोन ले जाना प्रतिबंधित था। इसके साथ ही पर्स, बेल्ट, धूप का चश्मा भी केंद्र के अंदर नहीं ले जाने दिया गया। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं एसडीएम निधि भारद्वाज ने भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जांच के लिए आधा दर्जन दुकानों से सैंपल लेकर लेब भेजे गए

# दूध डेयरियों और बर्फ फैक्ट्रियों पर दबिश, लिए पदार्थों के सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




मिलावट पर नकल कसने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले में दूध और दूध से निर्मित पदार्थो सहित बर्फ की फैक्ट्री दुकानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कुड़ी में कल रविवार को कोल्ड ड्रिंक, आइसक्रीम, बर्फ की जांच की ग्की। जांच के दौरान नरसिंहगढ़ स्थित अग्रवाल स्वीट्स सुभाष चौक नरसिंहगढ़, मन्नू एवर फ्रेश छारबाग नरसिंहगढ, पूनम कोल्ड ड्रिंक नरसिंहगढ़, सोनी सोनी एवर फ्रेश सुभाष चौक नरसिंहगढ़, माहेश्वरी दूध डेयरी नरसिंहगढ़ एवं ताई फैक्ट्री में टीम जांच के लिए पहुंची।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन अधिकारी शिवराज पावक ने बताया की जांच के दौरान पूनम कोल्ड ड्रिंक से आइसक्रीम और लस्सी के नमूने जांच हेतु लिए गए एवं इदरिश की बर्फ फैक्ट्री से बर्फ का नमूना जांच हेतु लिया गया। जांच के दौरान पर फैक्ट्री पर खाद्य पदार्थ बर्फ विक्रय, भंडारण का खाद लाइसेंस नहीं पाया गया ऐसे में फैक्ट्री को आगामी आदेश तक बर्फ का निर्माण हेतु बंद कर दिया गया।

लाइसेंस प्राप्त उपरांत ही बर्फ का निर्माण एवं विक्रय कार्य किया जाएगा। लिए गए सभी नमूने फूड लैबोरेट्री भोपाल भेजे जाएंगे एवं रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। उक्त बर्फ फैक्ट्री में इस तथ्य का भी प्रमाण नहीं था कि जिस पानी से बर्फ बनाई जा रही थी वह पीने योग्य था या नहीं। कोई जांच रिपोर्ट मौके पर नहीं पाई गई। इस कारण लोकहित में इदरीश बर्फ फैक्ट्री से बर्फ का निर्माण करना बंद कराया गया है।

## तेज हवा के साथ बारिश, गर्मी से मिली राहत



कुरावर। भीषण गर्मी से जूझ रहे शहरवासियों को सोमवार शाम अचानक आई तेज हवाओं और बारिश ने बड़ी राहत दी। दिनभर तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के बाद शाम करीब 6:15 बजे मौसम ने करवट ली और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश शुरू होते ही वातावरण में ठंडक घुल गई और लोगों ने राहत की सांस ली। तेज हवाओं के कारण कुछ स्थानों पर पेड़ों की टहनियां टूटने और हल्की अव्यवस्था की भी खबरें सामने आई हैं। हालांकि, बारिश से गर्मी का असर काफी हद तक कम हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से राहत मिलने का यह पहला मौका है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी आंशिक बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है।

ताला तोड़कर दिया वारदात को अंजाम, अज्ञात पर केस दर्ज

# नेवज मुक्तिधाम पर चोरों का धावा मोटर पंप सहित अन्य सामान चोरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय पर कुछ दिनों तक थमी चोरी की घटनाओं के बाद चोरों ने एक बार फिर से वारदातों को अंजाम देना शुरू कर दिया है। इस बार अज्ञात चोर ने पुरा क्षेत्र स्थित नेवज मुक्तिधाम को अपना निशाना बनाया और वहां के स्टॉक कक्ष से पानी का मोटर पंप, पाइप सहित अन्य सामान चुरा ले गए।

जानकारी के अनुसार पुरा क्षेत्र में सर्किट हाउस के नजदीक स्थित नेवज मुक्तिधाम में लकड़ी, कंडे व अन्य सामान रखने के लिए कमरा बना हुआ है। शनिवार-रविवार की रात्रि चोर ने इस कक्ष का ताला तोड़ा और अंदर रखा एक एचपी का मोटर पंप, लोहे के एंगल के टुकड़े, केबल आदि चुरा ली। रविवार सुबह जब स्थानीय व्यक्ति मुक्तिधाम परिसर पहुंचा तो कमरे का ताला टूटा देख समिति पदाधिकारियों को सूचना दी गई। समिति संरक्षक केसी केसरवाल, अध्यक्ष महेश पुष्पद सहित अन्य पदाधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को इत्तला दी। बाद में फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट भी घटनास्थल पहुंचे और आवश्यक जांच-पड़ताल की। पुलिस के अनुसार जल्द चोर का पता लगा लिया जाएगा।

### परिसर के समीप ही पड़ा मिला ताला

चोरी की इस घटना को स्टॉक रूम का ताला तोड़कर अंजाम दिया गया था। चोर ने ताला तोड़कर उसे समीप ही फेंक दिया। बाद में यह ताला पुलिस को मिला जिसके फिंगर प्रिंट लिए गए हैं।

## मांगलिक भवन की दीवार गिरने से मजदूर और राहगीर घायल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

वार्ड क्रमांक 10 स्थित भूरी के मैदान में मनकामनेश्वर महादेव मंदिर परिसर में निर्माणाधीन मांगलिक भवन की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। यह भवन क्षेत्रीय विधायक निधि से लगभग 10 लाख रुपये की लागत से बनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य क्षेत्रवासियों को सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों के लिए सुविधा उपलब्ध कराना है।

रविवार को अचानक भवन की एक दीवार भरभराकर गिर गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि घटना के समय वहां अधिक भीड़ मौजूद नहीं थी, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। दीवार गिरने से पास में कार्य कर रहे एक मजदूर को हल्की चोट आई, जिसे तुरंत प्राथमिक उपचार दिया गया। घटना का दूसरा पहलू और भी चिंताजनक रहा, जब दोपहर के समय एक बाइक सवार दंपति वहां से गुजर रहा था, तभी दीवार का हिस्सा उन पर आ गिरा। हादसे में दोनों को अंदरूनी चोटें आईं, जबकि उनकी बाइक का आगे का हिस्सा (मास्क) भी क्षतिग्रस्त हो गया। इस संबंध में पीड़ितों द्वारा संबंधित अधिकारियों को शिकायत दी गई है।

स्थानीय रहवासियों ने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य में घटिया एवं गुणवत्ताविहीन सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। उनका कहना है कि यदि निर्माण मानकों का पालन किया जाता, तो इस तरह दीवार का गिरना संभव नहीं था। लोगों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते जांच नहीं कराई गई, तो पूरा भवन भविष्य में खतरनाक साबित हो सकता है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

## विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर विशेष शिविरों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर




शनिवार को विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर पशुपालन विभाग द्वारा सारंगपुर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर विशेष पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए। यह कार्यक्रम ह्लपशु चिकित्सकः भोजन और स्वास्थ्य के संरक्षकह्व थीम पर आधारित रहा, जिसका उद्देश्य पशु स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करना था। कार्यक्रम प्रमुख सचिव पशुपालन विभाग के निर्देश एवं जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, जिला राजगढ़ के निर्देशन में विकासखंड सारंगपुर के चयनित क्षीर धारा एवं वृंदावन ग्रामों में शिविर लगाए गए। शिविरों में बांझपन निवारण, उपचार, औषधि वितरण, टीकाकरण, बधियाकरण, कृत्रिम गर्भाधान एवं गर्भ परीक्षण जैसी सेवाएं प्रदान की गईं। साथ ही पशुपालकों को संतुलित आहार, रोग नियंत्रण, डेयरी प्रबंधन एवं आधुनिक पशुपालन तकनीकों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विभागीय योजनाओं जैसे पशु बीमा, अनुदान, दुग्ध उत्पादन वृद्धि एवं टीकाकरण कार्यक्रमों की जानकारी भी दी गई। क्षीर धारा ग्राम योजना के तहत दुग्ध उत्पादन बढ़ाने, उन्नत नस्ल संवर्धन और ग्रामीणों की आय बढ़ाने पर जोर दिया गया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित शाक्या ने बताया कि पशु स्वास्थ्य, मानव स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा आपस में जुड़े हैं।

### ताज़ियत मजलिस का आयोजन, एकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

रविवार को इमामबाड़ा, सैयद वाड़ी में सुबह 10 बजे से 11 बजे तक ताज़ियत मजलिस का आयोजन किया गया। यह मजलिस ईरान के सुप्रीम लीडर शहीद आयतुल्लाह सैयद अली खामेनेई की शहादत की याद में आयोजित की गई।

कार्यक्रम में विशेष रूप से आयतुल्लाह डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही साहब (ईरान के सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि) शिरकत करने पहुंचे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हिंदुस्तान में महात्मा गांधी जैसी महान शख्सियत हुई, जिन्हें दुनिया आज भी याद करती है क्योंकि वे सत्य और न्याय के मार्ग पर चलकर देश की आज़ादी के लिए संघर्षरत रहे। उन्होंने बताया कि ईरान में आज भी कई सड़कें और अस्पताल महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर हैं, जो भारत-ईरान के मजबूत रिश्तों का प्रतीक हैं।उन्होंने यह भी कहा कि शहीद खामेनेई साहब का भारत के प्रति विशेष लगाव था और वे हिंदुस्तान से गहरा प्रेम करते थे।




## कुरावर में स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान तेज वार्डवार जिम्मेदारी तय




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद कुरावर ने शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अभियान तेज कर दिया है। परिषद द्वारा 24 अप्रैल 2026 को आदेश जारी कर वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। जारी आदेश के अनुसार प्रत्येक वार्ड में सफाई कार्य की निगरानी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि वे नियमित रूप से अपने-अपने वार्डों का निरीक्षण करें, साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा आम नागरिकों से संवाद स्थापित कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाएं।

नगर परिषद ने सभी कर्मचारियों को सुबह 6 बजे से वार्डों में उपस्थित होकर सफाई कार्य का जायजा लेने और आवश्यक सुधार तत्काल कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित सफाई दरोगा एवं कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि केवल सफाई ही नहीं, बल्कि नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना भी प्राथमिकता में शामिल है, ताकि स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित किया जा सके।

# आमजन ने 'मन की बात' श्रवण कर मंडल अध्यक्ष का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' के 113वें एपिसोड का रविवार को प्रसारण हुआ। भाजपाइयों सहित प्रधानमंत्री के समर्थकों द्वारा कहीं सामूहिक तो घरों में बैठकर इस एपिसोड का श्रवण किया गया। जिले के विभिन्न बूथों पर भी इस एपिसोड का प्रसारण आमजनों को श्रवण करवाया गया।

इसी कड़ी में नगर के वार्ड-8 किशनगढ़ में पुष्पद समाज अध्यक्ष महेश पुष्पद के निवास पर भाजपाइयों ने सामूहिक रूप से ध्यानपूर्वक पीएम के मन की बात सुनी। एपिसोड प्रसारण उपरांत भाजपा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष सचिन मौर्य एवं नपाध्यक्ष विनोद साहू का हार-मालाओं से साफा, श्रीफल से स्वागत, अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष महेश प्रजापति, बूथ प्रभारी मोहम्मद शफीक खान, पूर्व पार्षद ओम प्रकाश शर्मा, इरफान मेवाती सहित अन्य उपस्थित रहे। इस दौरान बूथ प्रभारी शफीक खान ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के उद्देश्य से विधेयक प्रस्तुत किया गया था लेकिन विपक्षियों ने इसे पारित नहीं होने दिया। पूरा विपक्ष महिला विरोधी है लेकिन आने वाले दिनों में मातृ-शक्तियां विपक्ष को करारा जवाब जरूर देंगी।

## सिलेंडर में गैस की जगह निकला पानी, गैस सप्लाई पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदरगढ़

रसोई गैस उपभोक्ताओं को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम निवासी विनीता बाई कुशवाहा ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 13 अप्रैल को 930 रुपए में सिलेंडर भरवाया था, लेकिन करीब 12 दिन बाद ही गैस खत्म हो गई। जांच करने पर सिलेंडर से पानी जैसी आवाज आई और दबाने पर पानी निकलने लगा। परिवार का आरोप है कि करीब 4 किलो गैस उपयोग के बाद शेष सिलेंडर में पानी भरा मिला।

शिकायत लेकर एजेंसी पहुंचने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिला। आर्थिक स्थिति कमजोर होने से परिवार नया सिलेंडर भरवाने में असमर्थ है। एजेंसी संचालक अभिषेक सुगंधि ने कहा कि उपभोक्ता दोबारा बुकिंग कराएं, 4 किलो गैस की राशि समायोजित कर नया सिलेंडर दिया जाएगा। ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच की मांग की है।



# रात में भी चली लू की लपटें, छुट्टी का इंतजार अभिभावकों ने कलेक्टर से रखी अपनी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



क्षेत्र में गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। आलम यह है कि दिन के साथ-साथ रात में भी लू की लपटें चल रही हैं। भीषण गर्मी के चलते सुबह 11 बजे से ही बाजारों में सन्नाटा पसरा देखा जा रहा है और लोग आवश्यक कार्यों से ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत जिला शिक्षा विभाग ने कुछ दिनों पूर्व स्कूलों का समय भले ही बदल दिया है लेकिन अभिभावकों द्वारा पूर्णतः अवकाश की मांग की जा रही है। प्रदेश के कुछ जिलों में अवकाश का आदेश भी जारी हो चुका है लेकिन राजगढ़ जिले में अभी भी आदेश का इंतजार है। आपको बता दें कि शिक्षा विभाग द्वारा गत दिवस आदेश जारी करते हुए शासकीय सहित निजी स्कूलों के संचालन का समय प्रातः 7 बजे से 12 बजे तक तय किया गया था। लगातार बढ़ रहे तापमान के दृष्टिगत अभिभावकों ने प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों से मांग की है कि पूरी तरह अवकाश घोषित कर दिया जाना चाहिए।

### 1 मई से प्रारंभ होंगे ग्रीष्मावकाश

ग्रीष्मावकाश आरंभ होने में आज से पांच दिन का समय शेष बचा है परंतु नन्हे बच्चों पर भीषण गर्मी और लू का दुष्प्रभाव न हो इसके लिए स्कूलों खासकर प्राथमिक विद्यालयों में पूरी तरह अवकाश की मांग तेज हो चली है।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों का 30 अप्रैल तक का अवकाश घोषित

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी सीएस सिसोदिया द्वारा जिले में तापमान में वृद्धि एवं पड़ रही अत्याधिक गर्मी के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिला अशोकनगर अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त मदरसा, सी.बी.एस.ई.,आई.सी.एस.ई.,नवोदय, केन्द्रीय विद्यालय एवं शासन से मान्यता प्राप्त समस्त विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों का दिनांक 27 अप्रैल से दिनांक 30 अप्रैल तक का अवकाश घोषित किया गया है। साथ ही कक्षा 9 से 12वी तक के विद्यार्थियों की कक्षाओं का संचालन पूर्ववत प्रातः 07.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक यथावत रहेगा। समस्त शैक्षणिक स्टाफ/कार्यरत कर्मचारी प्रातः 7.30 बजे से दोपहर 01.30 बजे तक विद्यालय में उपस्थित रह कर विद्यालयीन कार्य पूर्ण करेगें। शासन द्वारा पूर्व से निर्धारित परीक्षा आदि आवश्यक कार्यक्रम यथावत समय सारणी अनुसार संचालित रहेंगे। यह आदेश दिनांक 27 अप्रैल से आगामी आदेश तक प्रभाव शील रहेगा।

### पैसे के लेनदेन पर से युवक से की मारपीट

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम नगेश्री निवासी बबलू यादव पुत्र जगराम सिंह यादव उम्र 35 वर्ष को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल में लाया गया है। जहां उपचार करा रहे घायल युवक ने बताया कि जब उसने अपने पुराने पैसे वापिस मांगे तब शराब के नशे में आरोपी ने उस पर लाठी से हमला किया जिससे उसके सिर में चोटें आई हैं घायल अवस्था में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम अमरौद सद्धू निवासी संजना पत्नि अनिल रघुवंशी उम्र 25 साल ने अपने ही घर में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### अज्ञात चोर बिजली के खम्बों से 21 किलोमीटर तार चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत लाईन हेल्पर राघवेन्द्र सुमन निवासी नईसरायं ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 6 जून 2024 से 24 अप्रेल 2026 के बीच ग्राम कड़ेसरा,छापर, रूसल्ला, मढनाखिड़िया, महमूदा के बीच 21.2 किलोमीटर विधुत तार अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम तगारी घाटी चंदेरी अशोकनगर रोड़ पर किसी अज्ञात वाहन ने संजय पुत्र सिरनाम अहिरवार उम्र 22 साल को टक्कर मार दी थी। इस घटना में आई चोटों के कारण संजय अहिरवार की मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

## पहले सत्र में 212 और दूसरे सत्र में 217 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे

# राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा परीक्षा तीन केन्द्रों पर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश राज्य प्रशासनिक सेवा एवं राज्य वन सेवा परीक्षा रविवार को अशोकनगर जिला मुख्यालय के 3 केन्द्रों पर आयोजित की गई। इस परीक्षा का आयोजन दो सत्रों में किया गया था, सुबह 10 बजे से प्रारंभ होने वाले सत्र में 212 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे और दोपहर 2 बजे से प्रांरभ होने वाले सत्र में 217 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।





जिला मुख्यालय पर इस परीक्षा के लिए 3 केन्द्र बनाए गए थे, मॉडल हायर सेकेण्ड्री स्कूल पर बनाए गए परीक्षा केन्द्र पर 500 परीक्षार्थियों को शामिल होना था, जिसमें पहले सत्र में 407 उपस्थित और 93 अनुपस्थित रहे, जबकि इसी परीक्षा केन्द्र पर दूसरे सत्र में 406 उपस्थित और 94 अनुपस्थित रहे। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पर बनाए गए परीक्षा केन्द्र पर 250 परीक्षार्थियों को शामिल होना था, जिसमें पहले सत्र में 212 उपस्थित और 38 अनुपस्थित रहे, जबकि इसी परीक्षा केन्द्र पर दूसरे सत्र में 211 उपस्थित और 39 अनुपस्थित रहे। शासकीय नेहरू डिग्री महाविद्यालय पर बनाए गए परीक्षा केन्द्र पर 435 परीक्षार्थियों को शामिल होना था, जिसमें पहले सत्र में 354 उपस्थित और 81 अनुपस्थित रहे, जबकि इसी परीक्षा केन्द्र पर दूसरे सत्र में 351 उपस्थित और 84 अनुपस्थित रहे। इन तीनों परीक्षा केन्द्रों को मिलाकर 1185 परीक्षार्थियों में से पहले सत्र में 973 उपस्थित और 212 अनुपस्थित, दूसरे सत्र में 968 उपस्थित और 217 अनुपस्थित रहे।

राज्य प्रशासनिक सेवा की इस परीक्षा को लेकर इस बार शासन ने एक नई व्यवस्था की थी, परीक्षार्थियों को उनके गृह जिले में ही परीक्षा केन्द्र प्रदान किया गया था। जिसके कारण जिले भर से सुबह 8 बजे तक परीक्षार्थियों का अशोकनगर परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचना प्रारंभ हो गया था। इस परीक्षा को लेकर कलेक्टर साकेत मालवीय, संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन, संयुक्त कलेक्टर आरबी. सिण्डोस्कर ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान परीथार्थियों की बायोमेट्रिक जांच के प्रबंध किए गए थे, पुरूष वर्ग के लिए पुरूष अधिकारी और महिला वर्ग के लिए महिला अधिकारी की नियुक्ति की गई थी। लेकिन नेहरू महाविद्यालय पर स्क्रीनिंग जांच के दौरान महिला अधिकारी नहीं पाई गई, जिसके बाद परीक्षा प्रभारी आरबी सिण्डोस्कर के द्वारा प्रबंध कराने के निर्देश दिए गए। इस परीक्षा को लेकर परीक्षार्थीयों को 90 मिनट पहले स्क्रीनिंग जांच के निर्देश दिए गए थे जिसके कारण परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों को कतार में खड़े होकर इस जांच से गुजरना पड़ा। परीक्षार्थियों के जूते मौजे, व अन्य सामान के साथ मोबाइल प्रतिबंधित किया गया था, जो भी परीक्षार्थी बेल्ट, पर्स, घड़ी आदि पहनकर आए थे उन सब को उतरवाया गया। परीक्षा केन्द्रों के बाहर तेज गर्मी के मौसम को देखते हुए कतार में खड़े होने वाले छात्र छात्राओं के लिए टेंट लगाने के प्रबंध किए गए थे। इस दौरान परीक्षा देने केलिए आए परीक्षार्थियों के साथ उनके अविभावक भी जिले के विभिन्न स्थानों से अशोकनगर पहुंचे थे। इस तरह यह परीक्षा अशोकनगर जिला मुख्यालय पर पूरी तरह निर्विघ्न सम्पन्न हो गई।

## पिकअप और कार आपस में भिड़े, वाहन चालक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत ग्राम चुरारी के समीप बीती रात एक कार और पिकअप वाहन के बीच हुई टक्कर में पिकअप वाहन के चालक की मौत हो गई, जबकि कार में बैठे सभी लोगों को चोटे आई हैं, जिनका उपचार चंदेरी से लगे उत्तरप्रदेश के ललितपुर के जिला अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के बारे में बताया गया है कि ललितपुर से शादी समारोह में शामिल होने के लिए एक कार बामौर की ओर जा रही थी, जबकि पिकअप वाहन बामौर की ओर से आ रहा था तभी चुरारी के समीप दोनों वाहन आपस में टकरा गए। इस घटना के बाद पिकअप वाहन के चालक की मौत होना बताया जा रहा है, चंदेरी पुलिस ने बताया कि टक्कर के बाद घायल पिकअप वाहन के चालक को ललितपुर जिला अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसकी मौत होना बताई गई है। जबकि कार में बैठे सभी लोग घायल हुए हैं, पिकअप वाहन की टक्कर से कार चुरारी की पुलिया में जा गिरी,जिससे कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। यह भी बताया गया है कि कार में बैठे सभी लोग ललितपुर के निवासी हैं।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत तायड़े कॉलोनी निवासी आनंद दोहरे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दिव्यांश, दक्ष, देवेन्द्र और नेमति दोहरे फरियादी व उसकी लड़की से मारपीट की जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बोहरे कॉलोनी निवासी लाल सिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी खलीफा, अस्फाक, इरफान खान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामपुरा मोहल्ला निवासी रामदयाल प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रितेश और पूजा प्रजापति ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत कछियाना मोहल्ला निवासी विनय राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अज्ञात दो आरोपियों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत बोहरे कॉलोनी निवासी घनश्याम शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मलखान और कान्हा यादव ने उससे मारपीट की और हेंडपंप तोड दिया। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत शांतपुर निवासी राजकुमारी जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी चन्द्रभान, सुखराम, भानू कुमारी और आर्यन जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईसागढ निवासी अभय वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अपूर्व, मनीष, जगदीश, दीपक आशीष शर्मा ने एक राय होकर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## विश्व कल्याण की भावना से आयोजित किया गया यज्ञ पूर्णाहुति के साथ संपन्न



**अशोकनगर।** चंदेरी के निकट जारसल चक्क सिद्ध बाबा की टोरिया कैलाश धाम आश्रम पर दोपहर 12 अभिजित मुहूर्त में आयोजित किया गया यज्ञ पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न हुआ। यज्ञ में मुख्य यजमान सहित सभी जोड़ों ने आहुति दी। यज्ञ स्थल में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू यज्ञ आचार्य बृजेश चैबे शास्त्री यज्ञ करता महंत भरत दास व्यास महंत घनश्याम शरणएवं मुख्य यजमान ने भाव के साथ यज्ञ नारायण की आरती उतारी एवं समस्त देवताओं को विसर्जित किया। पूर्णाहुति के पश्चात क्षेत्र के सभी श्रद्धालु माता एवं बहनों का सम्मान पूर्वक भोजन प्रसादी कराया गया रात्रि के समय कथा व्यास देवमुरारी बापू ने कथा के क्रम में श्री राम के जन्म के प्रमुख पांच कारण बताते हुए कहा कि परमात्मा भक्त के दुख देखकर कभी भी कहीं भी किसी भी रूप में अवतार लेकर भक्तों के कष्ट का हरण करते हैं जन्म लेकर रावण आदि राक्षसों को मारना उनके लिए बड़ा कार्य नहीं था पृथ्वी पर मनुष्य को चरित्रवान बनाना और सदमार्ग का रास्ता दिखाना ही श्री राम का पृथ्वी पर जन्म लेने का मुख्य उद्देश्य था माता-पिता की आज्ञा पालन करना 14 वर्ष बन जाना यह आदर्श पुत्र के चरित्रों को स्थापित करना ही राम जैसे पुत्र होना दशरथ जैसे पिता के लिए सार्थकता थी कथा के विश्राम के समय रामचरितमानस की आरती उतार कर विश्राम दिया गया।

## थाना बहादुरपुर की त्वरित कार्रवाई

# 33 घंटे में नाबालिग बालिका दस्तयाब, आरोपी गिरफ्तार

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अति. पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेन्द्र सिंह कँवर, एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान के मार्गदर्शन में थाना बहादुरपुर द्वारा मुस्कान अभियान के अंतर्गत अपहृत नाबालिग बालिका को मात्र 33 घंटे में दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 23 अप्रेल को फरियादी द्वारा थाना बहादुरपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई है तथा किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसे बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया है। उक्त सूचना पर थाना बहादुरपुर में अपराध क्रमांक 119/26 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना



प्रभारी बहादुरपुर उनि0 नीलम सिंह यादव द्वारा टीम का गठन कर सतत प्रयास करते हुए बालिका को अशोकनगर रेलवे स्टेशन से सुरक्षित दस्तयाब किया गया। पीड़िता के कथन कराए गए, जिनमें आरोपी अजय अहिरवार पुत्र पप्पू उर्फ पूरन कुशवाह उम्र 22 साल निवासी गुलाबगंज जिला विदिशा द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने एवं उसके साथ गलत कार्य किया जाना बताया। पीड़िता के कथनों के आधार पर प्रकरण में सुसंगत धाराओं का इजाफा किया गया।

## मप्र जन अभियान परिषद ने आदि गुरु शंकराचार्य जी जयंती हर्षोल्लास से मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जनपद पंचायत कार्यालय अशोकनगर में जन अभियान परिषद द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य जी की 1238वीं जन्म जयंती (एकात्म पर्व) के उपलक्ष्य में एक गरिमामयी व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने शंकराचार्य जी के जीवन दर्शन और भारत को सांस्कृतिक सूत्र में पिरोने के उनके ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला।

### दीप प्रज्वलन के साथ हुआ शुभारंभ

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्रांत प्रमुख (अर्चक मंदिर आयाम) दीपक मिश्रा, विशिष्ट अतिथि महंत इंद्रदेव दास जी महाराज और वरिष्ठ व्याख्याता तारा सिंह यादव ने माँ सरस्वती एवं आदि गुरु शंकराचार्य के चित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। विकासखंड समन्वयक मनोज



यादव ने स्वागत भाषण देते हुए संपूर्ण व्याख्यानमाला की रूपरेखा प्रस्तुत की।

### भारत को एक सूत्र में पिरोने वाले थे शंकराचार्य

वरिष्ठ व्याख्याता तारा सिंह यादव ने कहा कि देवभूमि भारत में समय-समय पर महापुरुषों ने जन्म लेकर समाज का मार्गदर्शन किया है। उन्होंने बताया कि कैसे आदि गुरु ने अल्पायु में ही आडंबरों का त्याग कर चारों दिशाओं में चार मठों की स्थापना की और खंडित भारत को एकात्मवाद के माध्यम से एक सूत्र में बाँधने का कार्य किया।

### नर में ही नारायण दीपक मिश्रा

मुख्य वक्ता दीपक मिश्रा ने जन अभियान परिषद के ध्येय को स्पष्ट करते हुए कहा कि ष्नर में ही नारायणष का भाव जागृत करना ही सच्ची सेवा है। उन्होंने धर्मो रक्षति रक्षिताश का मंत्र देते हुए कहा कि जब हम संकल्पबद्ध होकर कार्य करते हैं, तभी समाज और राष्ट्र प्रगति की ओर बढ़ता है। उन्होंने आह्वान किया कि समाज में परिवर्तन की जिम्मेदारी हम सभी की है।

## ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान मौके पर किया

# जल संरक्षण पर रात्रि चौपाल आयोजित

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर द्वारा मड़खेड़ा सेक्टर 01 अंतर्गत 25 अप्रैल को आदर्श ग्राम पलकटोरी में ग्राम पंचायत आवरी एवं नवांकुर संस्था उन्नति जन कल्याण सेवा समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पलकटोरी के संयुक्त तत्वाधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत रात्रि जल चैपाल का आयोजन किया गया।




यह चैपाल ग्राम पंचायत आवरी सरपंच गंगा विजय वैरागी की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें जन सहयोग से नदी गहरीकरण में 50 प्रतिशत की सहयोग राशि देने की बात कही और ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण संबंधित अधिकारियों को मौके पर फोन लगाकर करने को कहा और दो वर्ष पूर्व जल की व्यवस्था की गई ग्रामीणों को उसकी जानकारी ली इसके पश्चात जिला समन्वयक बद्रीप्रसाद चैहान ने जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी दी।

# रविवार को अशोकनगर जिले का मौसम बदला

## तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस के बाद आकाश में बादल छाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में रविवार को अब तक का सर्वाधिक तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तीखी गर्मी और सूरज की तपन लोगों को बेहाल कर रही थी लेकिन दोपहर 3.00 बजे के बाद मौसम में बदलाव देखा गया। शहर के आकाश पर बादल आए गए यह क्रम चलता रहा। लेकिन जो तीखी गर्मी का एहसास लोगों को करना पड़ रहा था उससे जरूर लोगों को राहत मिली है।



जिले में रविवार का दिन सबसे गर्म रहा, एक दिन पहले शनिवार को अशोकनगर जिले का तापमान 43.3 डिग्री सेल्सियस था जिसमें बढ़ोतरी हुई और थर्मामीटर का पारा 43.6 सेल्सियस पर जाकर थक गया। मौसम को देखकर लगता है कि आने वाले एक-दो दिनों में यह मौसम इसी तरह करवट बदलेगा, जिस तरह तीखी गर्मी की शुरुआत हुई है, इस तरह मौसम में बदलाव के संकेत मिल रहे लेकिन प्रदेश के अन्य स्थानों की तरह ही यहां पर एहसास किया जा रहा है जब भी तीखी गर्मी पड़ती है तब बादल आ जाते हैं। हालांकि मौसम ग्रीष्म काल का है और इस मौसम में गर्मी पड़ती ही है। मौसम का मिजाज भी बदलता है लेकिन सूरज की तीखी तपन कम नहीं होती, देखना यह है कि आने वाले दिनों में अशोकनगर जिले का मौसम कैसा रहता है।

## जिला जेल अशोकनगर में विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन



**अशोकनगर।** जिला जेल अशोकनगर में विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश सुनील कुमार कौशिक, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष अनुरागी, न्यायाधीश हर्षिता शर्मा गोंड एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाह की विशेष उपस्थिति रही। आयोजित विशेष जेल लोक अदालत में विभिन्न श्रेणियों के कुल 6 प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 1 आपराधिक समझौता योग्य (क्रिमिनल कंपाउंडेबल) प्रकरण का निराकरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जेल अधीक्षक ललित दीक्षित एवं लीगल डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता गण भी उपस्थित रहे। जेल लोक अदालत का आयोजन संपूर्ण मध्य प्रदेश में आयोजन किया जा रहा है। उसी के तारतम में जेल लोक अदालत को सफल बनाने हेतु पूर्व में ही सभी प्रकरणों में समझौते की पहली बारगेनिंग की कार्रवाई को सुनिश्चित किया गया था एवं प्रयास से एक प्रमुख प्रकरण को जेल लोक अदालत के माध्यम से निराकत किया गया है जिसमें उपस्थित कैदी को रिहाई आदेश देकर लोक अदालत के दिन ही रिहाई सुनिश्चित कराई गई है।

## जिले में नए राजनीतिक समीकरणों की शुरुआत

# पूर्व सांसद केपी यादव की सिविल कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष पद पर ताजपोसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

2019 के लोकसभा चुनाव में सांसद चुने गए डॉक्टर केपी यादव ने इस संसदीय शीट पर एक नया कीर्तिमान रचा था, लेकिन 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में पार्टी ने उन्हे उम्मीदवार नहीं बनाया था। पिपरई की एक सभा में आए गृहमंत्री अमित शाह ने अपने भाषण में कहा था कि डॉक्टर के पी यादव का ध्यान रखना मेरी जिम्मेदारी है और शायद इसी जिम्मेदारी को निभाते हुए उन्हें मध्यप्रदेश सिविल एम्पलाइज कॉर्पोरेशन का नया अध्यक्ष बनाकर पूरा किया गया है। इसी के साथ अशोकनगर जिले में एक नए राजनीतिक समीकरणों की शुरुआत हुई है।

यह राजनीतिक समीकरण आने वाले समय में नई राजनीतिक गर्माहट और उठा पटक के से भरे होंगे। सभी जानते हैं कि डॉक्टर केपी यादव ने 2019 के लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे ज्योतिरादित्य सिंधिया को पराजित कर पूरे देश में अपने नाम का डंका बजाया था। जिसके बाद सिंधिया ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया था, 28 विधायकों के साथ उन्होंने कांग्रेस की सरकार गिराई थी इसका कारण कहीं न कहीं सांसद डॉक्टर के पी यादव रहे थे। जिन 28 विधायको ने कांग्रेस छोड़ी थी वह भाजपा में शामिल हो गए थे। इन 28 विधानसभा क्षेत्रों में हुए विधानसभा के उपचुनावों के बाद यह विधायक जब जीतकार आए तब मध्यप्रदेश



में कमलनाथ की सरकार जा चुकी थी और शिवराज सिंह चैहान फिर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री बनकर सामने आए थे। जिसमें ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने राजनैतिक प्रभाव के साथ पूरे देश में चमके थे। उन्होंने भाजपा में भी रहकर चमत्कार कर दिखाया था। लेकिन सांसद डॉक्टर केपी यादव को जब विधानसभा चुनाव का मौका आया तब पार्टी ने उन्हें विधायक के चुनाव का ऑफर भी दिया था लेकिन उन्होंने उसे स्वीकार नहीं किया। जब 2024 में लोकसभा के चुनाव आए तब कांग्रेस ने उन्हें लोकसभा प्रत्याशी बनाने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने पार्टी के साथ वफादारी निभाते हुए संतोष धारण किया। इसके बाद उनकी सक्रियता बराबर बनी रही उन्होंने देश भर में जहां-जहां भी चुनाव हुए वहां वहां पार्टी के एक जिम्मेदार कार्यकर्ता की भूमिका का निर्वाह किया।

### असंतुष्ट भी केपी यादव का स्वागत करते नजर आए

आज जब पार्टी ने उन्हें नई ताजपोसी से नवाजा है तब अशोकनगर जिले में भाजपा में ही नए राजनीतिक समीकरणों की शुरुआत हो गई है। अब नए समीकरणों के बाद जो भाजपा के कार्यकर्ता थे और कहीं न कहीं असंतुष्ट थे वह केपी यादव का स्वागत करते हुए नजर आए। केपी यादव अपनी कार्य प्रणाली के साथ लोगों के दिलों में जगह बनाने में कामयाब भी हुए हैं। पिछले दिनों उनके आमंत्रण पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन सिंह यादव भी उनके गृह ग्राम रूसल्ला आ चुके हैं। जिले में यह एक नई राजनीतिक शुरुआत हो गई है हालांकि उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि उनका सिंधिया से कोई विरोध नहीं है न आगे रहेगा वह तो पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में काम करते आ रहे हैं और करते रहेंगे।

### केपी यादव ने कहा सिंधिया के साथ उनके रिश्ते हमेशा अच्छे रहे

लेकिन भाजपा में जरूर भूचाल है पहले जो भाजपा थी वह अलग थी जब सिंधिया कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए तब आधी से अधिक कांग्रेस उनके साथ भाजपा में शामिल हो गई। सिंधिया के करीबी सभी छोटे बड़े नेता अब भाजपा के बड़े नेताओं में गिने जाते हैं कभी वह कांग्रेस के बड़े नेता कहे जाते थे, जब डॉ. केपी यादव को कोई राजनैतिक उपलिब्ध हांसिल नहीं हुई तब यही माना जा रहा था कि भाजपा ने उन्हें साइडलाईन कर दिया है लेकिन ऐसा नहीं हुआ और सिंधिया के गढ़ में ही वह नई ताज पोसी के साथ सामने आए हैं।

# हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

# सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026

## प्रथम उपहार 1 कार



### द्वितीय उपहार
3 नग बाईक



### तृतीय उपहार
10 नग LED TV



### चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज



### पांचवा उपहार
8 नग वासिंग मशीन



### छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा



### सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फैन



### आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग



### नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट



### दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स



### ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार



**नियम एवं शर्तें :-** ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

**आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें**

हरिभूमि कार्यालय : मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, 4 तल, पीवी 2, बी ब्लॉक, कमलापति रेल्वे स्टेशन के पास, शिवाजी नगर, भोपाल

**मो. 8770833858, 8349245522**